RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com PK Times News thepktimesofficial pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे

www.loktodaynews.com



अर्जुन धीरज अर्पित करण

गैस किल्लत की अफवाह फैलाने वाले 11 सोशल-मीडिया इन्फ्लुएंसर गिरफ्तार

वर्ष - 12 | अंक - 265 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | गुरुवार, 02 अप्रैल, 2026

# 5 साल में मिले 4300 करोड़ तो सिर्फ 4 माह में ही 2700 करोड़ की राशि स्वीकृत, नतीजा - मजबूती की ओर स्वास्थ्य ढांचा!

## केंद्र और राज्य सरकार का स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर फोकस, डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत

**मनोहरसिंह खोखर। जयपुर**

स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों प्रयासरत है। नजीतन, 15वें वित्त आयोग के तहत राजस्थान को पिछले 5 वर्ष में करीब 4300 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है, जिसमें से करीब 2700 करोड़ रुपये की राशि केवल 4 माह में ही भजनलाल सरकार ने जारी की है। यही नहीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्ष 2025-26 में लगभग 2 हजार 383 करोड़ रुपये के मुकाबले केंद्र सरकार ने करीब 2 हजार 398 करोड़ रुपये की राशि राजस्थान को जारी की है, जो स्वीकृत राशि का 100.61 प्रतिशत है। वहीं, पीएम अभीम के तहत भी सर्वाधिक राशि 243 करोड़ रूपए राजस्थान को मिले है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत प्रदेश को अधिक से अधिक राशि जारी किए जाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। ऐसी का परिणाम है कि केंद्र द्वारा 15वें वित्त आयोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं पीएम अभीम (प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन) के तहत रिकॉर्ड राशि राजस्थान को दी गयी है।

### डायग्नोस्टिक सेवाओं की पहुंच सुगम

15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हुआ है। इससे हजारों उप-स्वास्थ्य केंद्रों, पीएचसी और सीएचसी भवनों का निर्माण हुआ है। गांव-कस्बों तक डायग्नोस्टिक सेवाओं की सुगम पहुंच हुई है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के माध्यम से निवारक एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा मिला है। **- डॉ. अमित यादव, निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन**

### एनएचएम में इस वर्ष सर्वाधिक खर्च

राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश में सर्वाधिक व्यय भी वर्ष 2025-26 में हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में यह व्यय 72 प्रतिशत, 2022-23 में 82 प्रतिशत, 2023-24 में 79 प्रतिशत, 2024-25 में 97.7 प्रतिशत एवं वर्ष 2025-26 में 98 प्रतिशत है। इसी प्रकार पीएम अभीम के तहत भी प्रदेश में इस वर्ष हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सर्वाधिक व्यय किया गया है।

### मुख्यमंत्री के प्रयास लाए रंग

15वें वित्त आयोग के तहत राजस्थान को 5 वर्ष में करीब 4300 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, इसमें से 2700 करोड़ रुपये की राशि केवल 4 माह में मुख्यमंत्री के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप जारी हुई है। वही एनएचएम के तहत वर्ष 2025-26 में लगभग 2383 करोड़ रुपए के मुकाबले केंद्र सरकार ने करीब 2398 करोड़ रुपये की राशि राजस्थान को जारी की है, जो स्वीकृत राशि का 100.61 प्रतिशत है। इसके अलावा पीएम अभीम के तहत भी सर्वाधिक राशि 243 करोड़ रुपये राजस्थान को मिली है।

### विभिन्न योजनाओं में रिकॉर्ड राशि

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं दूरदर्शी विजन में राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के विस्तार, डायग्नोस्टिक सुविधाओं के विकास तथा आधारभूत स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। नजीतन केंद्र सरकार से विगत वर्षों के मुकाबले विभिन्न योजनाओं में रिकॉर्ड राशि प्राप्त हुई है।

### ग्रामीण क्षेत्र पर ज्यादा फोकस

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत विभिन्न घटकों में राशि स्वीकृत की गई है। 5 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार पर विशेष जोर देते हुए भवनविहीन उप-स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी एवं सीएचसी निर्माण के लिए 2604.63 करोड़ रुपये, ब्लॉक स्तर सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों के लिए 145.38 करोड़ रुपये, ग्रामीण क्षेत्रों में जांच सेवाओं की मजबूती के लिए डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 764.14 करोड़ रुपये, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के विकास के लिए 495 करोड़ रुपये, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डायग्नोस्टिक सुविधाओं के लिए 76.06 करोड़ रुपये एवं शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए 220.03 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। सर्वाधिक राशि वर्ष 2025-26 में जारी की गई है।

# राहत; होर्मुज के रास्ते 94 हजार टन LPG लेकर भारत पहुंचे 2 जहाज

**लोक टुडे। जयपुर**

मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। वअए से LPG (रसोई गैस) लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं। पहला टैंकर इह ळ फ31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज वअए के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा। इसमें भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) के लिए गैस लाई गई है। दूसरा टैंकर इह एछट 1 अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। यह जहाज हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) के लिए LPG लेकर आया है। इन दोनों जहाजों में कुल मिलाकर लगभग 94,000 टन LPG भारत पहुंची है। दोनों जहाजों पर 50 से ज्यादा भारतीय नाविक भी मौजूद थे। सरकार के मुताबिक, अब तक 8 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। वहीं, ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहेगा, लेकिन अमेरिका के लिए नहीं। अब 47 साल की मेहमाननवाजी खत्म हो चुकी है। अजीजी ने कहा कि यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए खुला रहेगा, जो ईरान के बनाए नए नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ट्रम्प ने रेजीम चेंज का सपना पूरा कर लिया है, लेकिन यह जमीन पर नहीं बल्कि समुद्र के नियमों में हुआ है।



### ब्रिटेन की मेजबानी में होगी 35 देशों की इमरजेंसी बैठक

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने घोषणा की है कि इस सप्ताह उनका देश 35 देशों की एक अहम बैठक की मेजबानी करेगा। इस बैठक का मकसद होर्मुज को फिर से खोलने पर चर्चा करना है। इस बैठक में दुनिया के कई बड़े देश शामिल होंगे और इसका मकसद इस बेहद महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते की सुरक्षा और भविष्य को लेकर समाधान निकालना है। कतर जैसे देश ने भी इस मुद्दे पर चर्चा में दिलचस्पी दिखाई है। भारत की इस बैठक में भागी-दारी अभी तय नहीं हुई है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि भारत इसमें शामिल हो सकता है। इसकी वजह यह है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस क्षेत्र पर काफी निर्भर है और यहां बड़ी संख्या में भारतीय भी रहते हैं।

# हाईकोर्ट ने कहा - RAS ज्योति को प्रकिया-कानूनी सिद्धांतों का प्रशिक्षण दें

## बिना कारण बताए कर्मचारी को किया था निलंबित

**लोक टुडे। जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। कोर्ट ने रोडवेज में पदस्थापित RAS अधिकारी ज्योति चौहान को ट्रेनिंग दिए जाने की आवश्यकता बताई है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव को निर्देश दिए कि वे आरएएस अधिकारी को प्रक्रिया और कानून सिद्धांतों की ट्रेनिंग दिलवाएं। साथ ही अदालत ने कहा- ट्रेनिंग से पहले आरएएस अधिकारी को रोडवेज में कर्मचारियों (मानव संसाधन प्रबंधन) से जुड़े किसी भी काम से दूर रखा जाए। कोर्ट ने यह आदेश रोडवेज कर्चमारी प्रदीप गुप्ता की याचिका पर 27 मार्च को सुनवाई करते हुए दिए। फ्अर अधिकारी ज्योति चौहान ने याचिकाकर्ता प्रदीप गुप्ता को निलंबित किया था। बिना कारण बताए निलंबित करने पर कोर्ट ने यह निर्देश दिए।

**कोर्ट ने कहा- रोडवेज में प्रतिभा का पलायन :** एडवोकेट संजय जोशी ने बताया- याचिकाकर्ता प्रदीप गुप्ता धौलपुर डिपो में कंडक्टर पद पर कार्यरत था। उसे 28 अक्टूबर 2025 को निलंबित कर दिया गया। कर्मचारी ने निलंबन को हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने 27 नवंबर 2025 को आदेश दिया कि याचिकाकर्ता कार्यकारी निदेशक यातायात (ईडीटी) को अभ्यावेदन (रिप्रजेंटेशन) प्रस्तुत करें। वहीं ईडीटी 30 दिन में कर्मचारी के रिप्रजेंटेशन को तय करें। ईडीटी ज्योति चौहान ने 16 जनवरी 2026 को कर्मचारी के निलंबन को जायज ठहराते हुए रिप्रजेंटेशन को खारिज कर दिया, लेकिन खारिज करने का कोई कारण नहीं बताया। इस पर अदालत ने कहा- बार-बार यह कहा गया है कि जब भी कोई ऐसा निर्णय लिया जाता है जो किसी भी पक्ष को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, तो निर्णय लेने वाले प्राधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह याचिकाकर्ता द्वारा दायर अभ्यावेदन को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का कारण बताएं। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा- ईडीटी ज्योति चौहान द्वारा लिया गया निर्णय रोडवेज में प्रतिभा के पलायन को दर्शाता है।

**रोडवेज एमडी कर्मचारी का रिप्रजेंटेशन तय करें :** हाईकोर्ट ने ईडीटी ज्योति चौहान के 16 जनवरी के आदेश को रद्द करते हुए रोडवेज एमडी को निर्देश दिए कि वे नए सिरे से कर्मचारी के रिप्रजेंटेशन को तय करें। साथ ही कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव को फ्अर अधिकारी ज्योति चौहान को प्रक्रिया और कानूनी सिद्धांतों की ट्रेनिंग दिलाने के निर्देश दिए।

# रक भर्ती एग्जाम 5 अप्रैल से आज अपलोड होंगे एडमिट कार्ड

**लोक टुडे। अजमेर**

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की ओर से SI भर्ती एग्जाम 5 एवं 6 अप्रैल को होंगे। प्रदेश के 41 चयनित शहरों में स्थापित 1174 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 7.70 लाख कैंडिडेट्स शामिल होंगे। ये भर्ती 1015 पदों के लिए है। दोनों दिन सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक सामान्य हिंदी और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक जनरल नॉलेज एंड जनरल साइंस की परीक्षा होगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र 2 अप्रैल को आयोग की वेबसाइट और ररड पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। परीक्षा के जिलों की जानकारी 29 मार्च से ररड पोर्टल पर उपलब्ध है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता के अनुसार- परीक्षा में हर प्रश्न पत्र के लिए डटफआंसरशीट के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का एक्स्ट्रा समय भी दिया जाएगा। प्रवेश-पत्र RPSC की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक और जन्मतिथि देकर डाउनलोड किए जा सकेंगे।

# रणथंभौर में गणेश मंदिर के पास फिर आया बाघ

## झाड़ियों के पास बैठा, श्रद्धालुओं की सांसें अटकी

**लोक टुडे। सवाई माधोपुर**

सवाई माधोपुर के रणथम्भौर में टाइग्रेस सुल्ताना का बेटा मलंग फिर से श्रद्धालुओं के सामने आ गया। झाड़ियों में बैठा मलंग (आरबीटी-2511) 20 मिनट तक श्रद्धालुओं के सामने बैठा रहा। अचानक झाड़ियों में दिखे बाघ को देख श्रद्धालु सहम गए। एकटक बाघ को देखते रहे और डिजिटल कैमरे में उसका वीडियो बनाते रहे। दरअसल, बुधवार सुबह त्रिनेत्र गणेश मंदिर के रास्ते पर अटल सागर के पास झाड़ियों में बाघ बैठा नजर आया। इस बार मलंग रास्ते में नहीं था। इस वजह से ट्रैफिक प्रभावित नहीं हुआ। 15 मिनट बैठे रहने के बाद मलंग आमाघाटी की तरफ निकल गया।

# बाड़ी में जमीन विवाद में पुलिस पर पथराव

**लोक टुडे। धौलपुर**

धौलपुर के बाड़ी में जमीनी विवाद में झगड़ा और पथराव की घटना हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी एक पक्ष ने पत्थर फेंके, जिसके बाद पुलिस को वापस लौटना पड़ा। पथराव में एक गाड़ी के शीशे भी टूट गए। एक महीने पहले कोर्ट के आदेश पर पत्थर फेंकने वाले पक्ष से यह जमीन खाली कराई थी। दूसरा पक्ष इस पर नींव खोद रहा था, इसी दौरान पथराव की घटना हुई है। मामला शहर के कायस्थ पाड़ा पुलिया का बुधवार दोपहर का है। कायस्थ पाड़ा निवासी अनिल शर्मा पक्ष के संतोषी लाल ने बताया- कोर्ट ने एक महीने पहले उनकी विवादित भूमि खाली कराई थी। मंगलवार को जब वे उस जमीन पर नींव खोद रहे थे, तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर पथराव किया, साथ ही झगड़ा-मारपीट भी की।

**बड़ी संख्या लोगों ने पत्थरबाजी की-पुलिस :** कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया- घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान बघेल पक्ष के लोगों ने पुलिस पर भी पत्थरबाजी शुरू कर दी। बघेल पक्ष के लोगों की संख्या अधिक थी और महिलाएं भी पथराव कर रही थीं। स्थिति को नियंत्रित करना मुश्किल होने पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर वापस लौटना पड़ा।

# पत्नी पर फावड़े से वार करने वाले की सजा घटाई

## हाईकोर्ट ने कहा-हत्या का इरादा नहीं था, सजा में बच्चों के भविष्य का रखा ध्यान

**लोक टुडे। जोधपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने पत्नी की हत्या के एक महत्वपूर्ण मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले में बड़ा बदलाव करते हुए एक ऐतिहासिक और रिपोर्टेबल आदेश दिया है। जस्टिस फरजंद अली और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने साफ कहा कि अचानक हुए झगड़े में बिना किसी पहले से बने इरादे के किया गया हमला हत्या की श्रेणी में नहीं आता। कोर्ट ने दोनों अपीलों पर अंतिम फैसला सुनाते हुए आरोपी पिंटू उर्फ प्रवीण सिंह की दोषसिद्धि को आईपीसी की धारा 304 भाग-कसे बदलकर धारा 304 भाग-II कर दिया और उसे 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### ट्रायल कोर्ट का फैसला

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक), प्रतापगढ़ ने इस केस में 8 मार्च 2007 को फैसला सुनाया। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को धारा 302 (हत्या) और धारा 498-ए (क्रूरता) के आरोपों से बरी कर दिया, लेकिन धारा 304 भाग-क(मारने के इरादे से की गई गैर-इरादतन हत्या) के तहत दोषी ठहराया। इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार और आरोपी ने हाईकोर्ट में अलग-अलग अपील दायर की थी।




### अंतिम निर्देश: सजा के सिद्धांत और सुधारात्मक दृष्टिकोण

सजा तय करते समय जस्टिस फरजंद अली की पीठ ने दंड के निवारक, प्रतिशोधात्मक, निरोधात्मक और सुधारात्मक सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की। कोर्ट ने जोर दिया कि न्याय सिर्फ पीड़ित के लिए नहीं, बल्कि आरोपी के सुधार और समाज के हित के लिए भी होना चाहिए। कोर्ट ने यह भी ध्यान में रखा कि बच्चों ने अपनी मां को खो दिया है। यदि पिता को लंबी सजा होती है तो वे पिता के प्यार और सुरक्षा से भी वंचित हो जाएंगे। इन सभी मानवीय एवं कानूनी पहलुओं को देखते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी और आरोपी की अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए उसे 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### ये है मामला

23 जुलाई 2005 को परिवादी उम्मेद सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी किरण, जिसकी 8-9 साल पहले पिंटू उर्फ प्रवीण सिंह से शादी हुई थी और जिसके दो नाबालिग बच्चे थे, ससुराल में गंभीर रूप से घायल और बेहोश हालत में मिली। पूछताछ पर एक नाबालिग बच्चे ने बताया कि आरोपी ने किरण के सिर पर फावड़े से वार किया था। शुरू में केस धारा 307 के तहत दर्ज हुआ, लेकिन किरण की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर इसे धारा 302 में बदल दिया गया।



### वकीलों के तर्क: हत्या और दहेज प्रताड़ना पर बहस

राज्य सरकार की ओर से सरकारी वकील राजेश भाटी ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का फैसला आंशिक रूप से गलत है। आरोपी को धारा 302 (हत्या) के तहत दोषी माना जाना चाहिए। इस-के अलावा सभी आरोपियों को धारा 498-अ (क्रूरता) के तहत भी सजा दी जानी चाहिए। दूसरी ओर, आरोपी के वकील ने पूरे फैसले को रद्द करने की मांग की और पूर्ण बरी होने की दलील दी। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी वर्तमान में अपने बच्चों की अच्छी देखभाल कर रहा है।

### कोर्ट का विश्लेषण: हत्या और ज्ञान के बीच कानूनी अंतर :

दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने पूरे रिकॉर्ड का गहन अध्ययन किया। कोर्ट ने पाया कि यह घटना पति-पत्नी के बीच अचानक हुए सामान्य विवाद का नतीजा थी। कोई पूर्व नियोजन नहीं था, और न ही आरोपी कोई हथियार लेकर आया था। उसने मौके पर पड़े फावड़े से केवल एक ही बार किया और उसके बाद भी उसने अपनी हावी होने की स्थिति का फायदा उठाते हुए कोई दूसरा वार नहीं किया। कोर्ट ने कानून की व्याख्या करते हुए कहा कि हत्या के लिए 'इरादा' जरूरी है, जो इस मामले में मौजूद नहीं था। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिर जैसे नाजुक अंग पर फावड़े जैसे भारी हथियार से वार करने पर किसी भी समझदार व्यक्ति को इस बात का स्पष्ट 'ज्ञान' होता है कि इससे मौत होने की प्रबल संभावना है। इसलिए कोर्ट ने इसे 'मौत हो सकती है' की श्रेणी में रखते हुए धारा 304 भाग-II (बिना इरादे के गैर-इरादतन हत्या) का मामला माना। कोर्ट ने 'मौत हो सकती है' और 'मौत होने की संभावना' के बीच का अंतर स्पष्ट करते हुए इसे धारा 304 पार्ट-II के अंतर्गत 'मारने के इरादे के बिना गैर-इरादतन हत्या' का मामला माना। धारा 498-A के तहत क्रूरता पर कोर्ट ने माना कि यह एक ही दिन की घटना थी और निरंतर उत्पीड़न का कोई ठोस साक्ष्य नहीं था, इसलिए ट्रायल कोर्ट द्वारा इस धारा में बरी करने का फैसला बिल्कुल सही था।

# जयपुर में पानी की सप्लाई के समय में बदलाव

### अजमेरी गेट और जवाहर नगर क्षेत्रों में अब दोपहर 1 से 2 बजे आएगा पानी

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर शहर के अजमेरी गेट (नॉर्थ) और जवाहर नगर (साउथ) क्षेत्रों के हजारों लोगों के लिए अच्छी खबर है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पेयजल प्रेशर सुधार और जलापूर्ति व्यवस्था को अच्छा सुचारु बनाने के उद्देश्य से इन इलाकों में पानी सप्लाई का समय बदल दिया है। यह नया समय 1 अप्रैल से लागू हो गया है। विभाग के अनुसार अजमेरी गेट उपखण्ड के एमआई रोड के उत्तरी हिस्से में आने वाले वाल्मीकि कॉलोनी, कप्तान जी का हत्था, लड़ी वालों की बगीची, जुम्मा बाजार और कड़वी मंडी सहित कई इलाकों में अब पानी दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक दिया जाएगा। इसी तरह जवाहर नगर (दक्षिण) क्षेत्र के केंद्रीय कारावास, सुदामापुरी, अग्रवाल कॉलेज और मीणा मोहल्ला समेत अन्य क्षेत्रों को भी इस बदलाव का लाभ मिलेगा।

**अब तक 7:15 से 8:30 बजे के बीच होती थी सप्लाई:**

अब तक इन क्षेत्रों में जलापूर्ति सुबह 7:15 बजे से 8:30 बजे के बीच होती थी, लेकिन विभाग द्वारा पिछले तीन दिनों तक किए गए परीक्षण में दोपहर के समय बेहतर प्रेशर मिला। सकारात्मक परिणामों के बाद यह निर्णय जनहित में लिया गया है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता (क्षेत्र द्वितीय) जयपुर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि नए समय से उपभोक्ताओं को बेहतर प्रेशर के साथ नियमित पानी मिल सकेगा। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे नए समय के अनुसार पानी संग्रहण की व्यवस्था करें और जल संरक्षण को प्राथमिकता दें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से लाभ मिल सके।

# निमार्णाधीन मकान की छत गिरी ठेकेदार समेत तीन घायल

**लोक टुडे। अजमेर**



अजमेर के अलवर गेट थाना क्षेत्र स्थित कालू की ढाणी में गुरुवार को एक निमार्णाधीन मकान में अचानक छत गिरने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में ठेकेदार सहित तीन लोग घायल हो गए। छत गिरने के साथ तेज धमाका हुआ, जिसकी आवाज सुन आसपास के लोग और मकान मालिक मौके पर एकत्र हो गए। हादसे में घायल संजय पुत्र लक्ष्मी नारायण, मुकेश पुत्र कन्हैयालाल और विजय पुत्र हरजी को तुरंत जेएलएन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। मकान मालिक इंदिरा देवी ने बताया कि मकान का निर्माण कार्य पिछले करीब दो महीने से चल रहा था। गुरुवार को अचानक कमरे की छत भरभराकर गिर गई, जिससे वहां काम कर रहे लोग उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# महिला टीचर को तेज रफ्तार बोलेरो ने उड़ाया, मौत

### स्कूटी से उछलकर 10 फीट दूर गिरीं, बोलेरो चालक भी सरकारी टीचर

**लोक टुडे। झुंझुनूं**

झुंझुनूं के पिलानी में सरकारी स्कूल में ड्यूटी पर जा रही महिला टीचर की स्कूटी को बोलेरो ने टक्कर मार दी। महिला टीचर स्कूटी से उछलकर करीब 10 फीट दूर जाकर गिरी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बोलेरो चला रहा व्यक्ति भी टीचर है, वह भी सुबह ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। चिड़ावा रोड स्थित बाइपास तिराहे पर महिला टीचर के रोड क्रॉस करते समय भिड़ंत हो गई। हादसे का वीडियो भी सामने आया है। पिलानी थानाधिकारी चंद्रभान ने बताया- स्कूटी सवार महिला टीचर दमयंती चांवरिया (45) निवासी चिड़ावा रोड, पिलानी की सड़क हादसे में मौत हुई है। दमयंती ग्रेड-3 टीचर थीं। उनकी पोस्टिंग करीब 8 किलोमीटर दूर सेडू की ढाणी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में थी। ड्यूटी पर जाने के लिए सुबह करीब 7.15 बजे स्कूटी लेकर निकली थीं। घर से 500 मीटर दूर बाइपास तिराहे पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी को टक्कर मार दी। बोलेरो को बाइपास स्थित लक्ष्मी कॉलोनी के रहने सीनियर टीचर मनोज सैनी चला रहे थे।

# सरकारी स्कूलों में बदली गर्मी की छुट्टियों की तारीख

**लोक टुडे। बीकानेर**

प्रदेश में 1 अप्रैल से स्कूलों का नया सेशन शुरू हो चुका है। शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 का कैलेंडर जारी कर दिया है। इस बार कैलेंडर में छुट्टियों और एग्जाम समेत कई बड़े बदलाव किए गए हैं। नए कैलेंडर के अनुसार, सबसे बड़ा बदलाव सर्दी और गर्मी की छुट्टियों को लेकर किया गया है। स्कूलों में जयंती विशेष या स्पेशल डे पर होने वाले इवेंट जो चौथे पीरियड के बाद यानी हाफ डे में होते थे, वे अब प्रार्थना सभा या फर्स्ट पीरियड तक ही होंगे। बाकी पूरे दिन क्लास लगेगी। नवंबर में केवल 14 दिन ही स्कूल खुलेंगे। वहीं ईयरली एग्जाम मार्च में पूरे करवा कर 25 मार्च तक रिजल्ट भी घोषित कर दिया जाएगा। इस बार के सत्र में पूरे साल 121 दिनों की छुट्टियां रहेंगी। इसमें 52 रविवार हैं। जबकि 69 अन्य अवकाश, जिसमें स-रकारी छुट्टियां भी शामिल हैं। 244 दिन स्कूल खुलेंगे।

**गर्मी की छुट्टियां के बाद 22 जून को खुलेंगे स्कूल**

गर्मी की छुट्टियां 17 मई से शुरू होंगी, जो 20 जून तक हैं। 21 जून का रविवार है। ऐसे में स्कूल 22 जून से खुलेंगे। पहले स्कूल 1 जुलाई को खुलते थे। प्रिंसिपल पावर की छुट्टी को लेकर भी बदलाव किया गया है। पहले प्रिंसिपल को अपने स्तर पर दो छुट्टी करने का अधिकार था, उसे अब घटाकर एक दिन का ही कर दिया है। इधर, दीपावली की छुट्टियां 11 दिन की कर दी गई हैं। ये 4 से 15 नवंबर तक रहेंगी। सर्दी की छुट्टियां 1 से 10 जनवरी 2026 तक होंगी।

## क्राइम फाइल्स

# बेकाबू कार ने 7 साल के मासूम को कुचला, मौत

**लोक टुडे। जैसलमेर**

एक बेकाबू कार सड़क पर चल रहे श्रद्धालुओं पर चढ़ गई। हादसे में एक 7 साल के मासूम की मौत हो गई। जबकि कार ड्राइवर समेत 6 लोग घायल हो गए। घटना जैसलमेर जिले के रामदेवरा थाना क्षेत्र की है। रामदेवरा थाने के एसएसआई प्रतापाराम ने बताया- घटना बुधवार सुबह 11 बजे रामदेवरा के नोखा चौराहे के पास की है। वीरमदेवरा (रामदेवरा) की ओर से आ रही कार ने मंदिर से दर्शन कर लौट रहे 6 पैदल श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। इस दौरान कार बेकाबू होकर पास में लगे एक टीन शेड के पोल से टकरा गई। हादसे में 7 साल के एक मासूम माहिर पुत्र बाबूलाल की मौत हो गई। जबकि ड्राइवर समेत 5 लोग घायल हो गए।पुलिस ने बताया- घायल ड्राइवर की पहचान बंशीलाल (69) निवासी वीरमदेवरा (रामदेवरा) के रूप में हुई है। वहीं हादसे में मृतक माहिर के मां ललिता, भाई रियान (2), विवान (3.5), सुमित्रा (32), वर्षा (10) निवासी झंवरिया (पाली) घायल हो गए।

# 50 लाख बीमा राशि हड़पने के लिए भाई की हत्या

### पत्थरों से सिर कुचलकर सड़क किनारे फेंका, चार गिरफ्तार

**लोक टुडे। राजसमंद**

50 लाख रुपए की बीमा राशि हड़पने के लालच में सगे भाइयों ने मिलकर अपने ही भाई की हत्या कर दी। आरोपियों ने होली सेलिब्रेशन और जमीन की रजिस्ट्री के बहाने गुजरात से बुलाकर शराब पिलाई। फिर सुनसान जगह पर पत्थरों से सिर कुचलकर हत्या कर दी। इसके बाद चलती बाइक से शव को सड़क किनारे फेंक दिया। बाइक को मौके पर ही पटक कर सभी आरोपी खेतों के रास्ते घर जाकर सो गए। मामला राजसमंद जिले के देवगढ़ थाना क्षेत्र का है, घटना 7 मार्च की है। थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया - रीको एरिया के पास कुंडेली रोड पर देवीसिंह रावत निवासी बड़ावास बग्गड़ का शव मिला था, जिसे पहले हादसा माना जा रहा था। जांच में यह पूरी तरह से सुनियोजित हत्या निकली। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो सगे भाइयों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**आरोपियों की गिरफ्तारी और साजिश का खुलासा**

SHO मुकेश कुमार के अनुसार, बड़ावास बग्गड़ निवासी दुधसिंह उर्फ दिनेशसिंह (27) और उसका भाई भगवानसिंह (26), गणेशपुरा रावली थाना टॉडगढ़ (जिला ब्यावर) निवासी सुरेंद्रसिंह (29) तथा जस्साखेड़ा भीम निवासी टीकमसिंह (30) को हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने कुछ माह पहले देवीसिंह के करीब 50 लाख रुपए की दुर्घटना बीमा पॉलिसियां करवाई थीं और उसी रकम को लेने के लिए हत्या की योजना बनाई।

# बिना लाइसेंस हुक्का बार चलाने पर कार्रवाई

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर में अवैध हुक्का बार को लेकर प्रतापनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस टीम की ओर से मौके से कैफे में धूम्रपान सामग्री मिली। कैफे में सेवन के लिए रखे गए हुक्का चिलम, पाइप और तंबाकू युक्त फ्लेवर के डिब्बे जब्त किए गए हैं। बता दें कि शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने 9वीं चौपासनी रोड स्थित कैफे, रेस्टोरेंट पर दबिश दी। वहां अवैध रूप से हुक्का बार का संचालन मिला। इस पर पुलिस टीम की ओर से मौके से कैफे में धूम्रपान सामग्री मिली। कैफे में पीने के लिए रखे गए हुक्का चिलम, पाइप और तंबाकू युक्त फ्लेवर के डिब्बे जब्त किए गए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दीपांशु जैन पुत्र लक्ष्मी चंद जैन निवासी 213, दिलीप नगर लाल सागर थाना मंडोर जोधपुर को गिरफ्तार किया।

## सड़क पर चलते लोडिंग ऑटो रिक्शा में आग

जोधपुर में चलती लोडिंग ऑटो रिक्शा में आग लग गई। इसके चलते लोडिंग ऑटो रिक्शा के आगे का हिस्सा जल गया। उठाक्रिट लगी गाड़ी में 11 किलो गैस थी। हालांकि फायर ब्रिगेड और पुलिस की सजगता की वजह से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जोधपुर रेंज के ओसियां के पास पड़ासला रोड पर बुधवार दोपहर करीब 4 बजे यह हादसा हुआ। आग दिखते ही ड्राइवर गाड़ी से उतर कर साइड में हो गया। मतोड़ा थाना अधिकारी अमानाराम ने बताया- दोपहर 4 बजे एक लोडिंग ऑटो रिक्शा ओसियां की तरफ से आ रहा था।

परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने संपर्क हेल्पलाइन 181 कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

# एआई से होगी अधिकारियों की परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग, हर 15 दिन में समीक्षा

**लोक टुडे। जयपुर**

परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर विभागीय प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। देथा ने जिला स्तर पर दर्ज शिकायतों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं परिवादियों से संवाद स्थापित करें। जिन जिलों में निस्तारण प्रतिशत, समाधान पर संतुष्टि का स्तर और औसत निस्तारण समय राज्य स्तर से कमजोर है, वहां तत्काल सुधार किया जाए। उन्होंने बैठक के दौरान कुछ जिलों के अधिकारियों से सीधे बातचीत भी की और कम प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में सुधार के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव देथा ने बस स्टैंड पर साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्राइवर और कंडक्टर के व्यवहार संबंधी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने उन मामलों की भी वास्तविक स्थिति जानी, जिनमें पोर्टल पर संतुष्टि दर्ज की जा चुकी थी। उन्होंने परिवादियों से सीधे संवाद कर फीडबैक लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया।



### आवश्यक सेवाओं से जुड़े मामलों में शिकायत लंबित नहीं रहे

देथा ने कहा कि विभाग की आवश्यक सेवाओं से जुड़े मामलों में कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। प्रत्येक परिवादी की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और निस्तारण प्रतिशत के साथ-साथ संतुष्टि प्रतिशत में भी निरंतर सुधार हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के माध्यम से जिलों के अधिकारियों की प्रदर्शन सूची तैयार की जाए, ताकि कम प्रदर्शन करने वालों की पहचान कर समयबद्ध सुधार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने प्रत्येक 15 दिन में प्रकरणों की समीक्षा करने और समाधान में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होने देने पर जोर दिया और नियमित मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता और गति दोनों का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण देने, लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने और शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक वर्ष में परिवहन विभाग से जुड़े कुल 10,020 प्रकरण संपर्क पोर्टल पर दर्ज हुए, जिनमें से 9,258 का निस्तारण किया जा चुका है, जो लगभग 92.40 प्रतिशत है। इन मामलों के समाधान में औसतन 23 दिन का समय लगा, जबकि करीब 63.37 प्रतिशत परिवादियों ने समाधान पर संतुष्टि जताई। वहीं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC) से संबंधित कुल 18,035 प्रकरण दर्ज हुए।

## क्राइम फाइल्स

### महिला की नाइट ड्रेस पहनकर मंदिर में की चोरी

**लोक टुडे। सीकर**

सीकर में पड़ोसी महिला की नाइट ड्रेस पहनकर आए चोर ने मंदिर में चोरी की। घटना कोतवाली थाना इलाके में रामलीला मैदान स्थित काल भैरव मंदिर में चांदी के छत्र सोमवार को चोरी हो गए थे। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने जांच की तो सीसीटीवी में आरोपी बीड़ी पीते दिखा। इस पर आरोपी की पहचान कर उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस थाने में गोविंद चतेरा ने मुकदमा दर्ज करवाया था। इसमें बताया कि सोमवार रात मंदिर से चांदी के 2 दर्जन छत्र चोरी हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई थी। इसमें एक चोर हाथ में सरिया लेकर आता है। जो मंदिर के बाहर बैठकर पहले बीड़ी पीता है और फिर मंदिर के गेट का लॉक तोड़कर चोरी करता है। पुलिस ने सीसीटीवी देखा तो आरोपी को पहचान लिया। चोरी करने के बाद आरोपी घर जाकर सो गया था। जब नींद से जागा तो सामने पुलिस खड़ी मिली।

### डबल मर्डर मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार

**लोक टुडे। उदयपुर**

उदयपुर के बाघपुरा थाना क्षेत्र में डबल मर्डर मामले में पुलिस ने दो और आरोपी को गिरफ्तार करते हुए घटना में उपयोग ली बाइक भी बरामद की है। इससे पहले इस मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं और 3 नाबालिगों को डिटेन किया जा चुका है। थानाधिकारी वेलाराम ने बताया कि आरोपी दिनेश पुत्र धन्ना निवासी पालियाखेड़ा बाघपुरा और पुष्कर उर्फ टस्कर पुत्र मांगीलाल निवासी सेलाणा निचला फला को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि रोड पर साइड में चलने की बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। आरोपी नशे की हालत में थे। उन्होंने चाकू और शराब की बोतल से भैरूलाल, सुखलाल उर्फ सुरेश और सुमित पर वार कर घायल कर दिया था। जिसके बाद सुखलाल और भैरूलाल की मौत हो गई थी।

### नाले में मिला शव, कई बॉडी पार्ट्स गायब

**लोक टुडे। बीकानेर**

बीकानेर के अंबेडकर सर्किल के पास बिजली विभाग कार्यालय के नजदीक बुधवार सुबह नाले में संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। पुलिस हत्या और हादसा दोनों ही एंगल से जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैफिक थाने के मोड़ के सामने सुबह नाले में एक शव पड़ा दिखाई दिया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। शव करीब 5 से 6 दिन पुराना होने की आशंका है। इतने दिनों तक नाले में डूबे रहने के कारण शव पूरी तरह सड़-गल चुका था। हालत इतनी खराब थी कि शरीर के कई अंग गायब थे। सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में काफी मशक्कत के बाद शव को नाले से बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने बताया कि मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। शव को पीबीएम अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाया गया है। फिलहाल पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ANTF ने पकड़ा 7 लाख का डोडाचूरा

**लोक टुडे। भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) ने करीब 7 लाख रुपए कीमत का 45 किलो 617 ग्राम अवैध डोडा-चूरा जब्त किया है। इस मामले में एक बाल अपचारी सहित दो आरोपियों को डिटेन किया गया है, जो बसों के जरिए नशे की सप्लाई कर रहे थे। एएनटीएफ के इंचार्ज आईजी विकास कुमार ने बताया - टीम को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध व्यक्ति बस स्टैंड पर बनी केबिन की आड़ में प्याऊ के पास खड़े हैं और उनके पास मादक पदार्थ है। सूचना के आधार पर टीम सादे कपड़ों में मौके पर पहुंची और निगरानी शुरू की। इसके बाद सुभाषनगर पुलिस को बुलाकर संयुक्त घेराबंदी की गई। जैसे ही टीम मौके पर पहुंची, दोनों आरोपी घबरा गए और छिपने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास 45.617 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद हुआ।

## कुलाधिपति बागडे ने जारी किए नियुक्ति आदेश

**लोक टुडे। जयपुर**

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो. रमन कुमार दवे को राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है। कुलगुरु पद पर प्रो. रमन कुमार दवे के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

## राजस्व मण्डल अध्यक्ष शर्मा ने ली समीक्षा बैठक

**लोक टुडे। जयपुर**

राजस्व मण्डल के नवनियुक्त अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने राजस्व मण्डल से लेकर सभी अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण को लेकर बेहतरीन कार्ययोजना की क्रियान्विति पर जोर दिया। उन्होंने बुधवार को राजस्व मंडल प्रशासन एवं सभी मंडल सदस्यों के साथ बैठक में मंडल के कामकाज की विस्तृत समीक्षा करते हुए और बेहतरीन ढंग से कार्य निष्पादन करने के निर्देश दिये। उन्होंने मंडल एवं अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों का अधिक गुणवत्ता एवं शीघ्रता से निस्तारण की दिशा में कारगर कदम उठाये जाने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिये मंडल स्तर से प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के विविध स्तरीय राजस्व न्यायालयों की सेवाओं को और बेहतर बनाने के प्रभावी प्रयास किये जायेंगे। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष शर्मा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने आदर्श विद्या मंदिर राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार का किया लोकार्पण

## स्कूल विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों के विकास के केन्द्र : शर्मा

**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों में संस्कार के बीज बोते हैं। शिक्षक विद्यार्थी के जीवन में विद्या दान देकर उन्हें मजबूत बनाते हैं और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्या मंदिर संस्थान केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि समाज में निस्वार्थ सेवा, सहयोग और करुणा भी भावना का विस्तार कर रही है। बच्चों में शिक्षा के साथ यह विद्यालय नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों पर बल देता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं।



शर्मा बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवीन सभागार के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और भामाशाहों को बधाई देते हुए कहा कि यह सभागार उन हजारों सपनों की नींव पर खड़ा हुआ है, जो इस विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और दानदाताओं ने मिलकर बुने हैं। उन्होंने इन ज्ञान केन्द्रों के विकास में सभी लोगों से अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों में ज्ञान अर्जन ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण एवं मूल्यों का विकास करते हैं। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का समग्र विकास होता है। विद्या भारती द्वारा शुरू किए गए आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कार भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अवधारणा के अनुसार हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभानी चाहिए। इससे पहले शर्मा ने फीता खोलकर सभागार का लोकार्पण किया तथा पट्टिका का अनावरण भी किया। उन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा भवन निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय संघ चालक डॉ. रमेश अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम सहित आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारी, अध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एलपीजी की कालाबाजारी, 118 सिलेंडर जब्त

**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर शहर में घरेलू एवं व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अवैध रिफिलिंग, भण्डारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध



सख्त अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण द्वारा 3 विशेष प्रवर्तन दलों का गठन कर शहर में सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई। इन दलों में प्रवर्तन अधिकारियों एवं निरीक्षकों को शामिल करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया। कार्रवाइयों के दौरान कुल 118 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, 03 इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 02 उपकरण, 03 रिफिलिंग मोटर, 01 रेगुलेटर एवं 01 पिकअप वाहन जब्त किए गए हैं। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई प्रचलित है।

## महिलाओं से जुड़े अपराधों का 60 दिन में निस्तारण करें : मुख्य सचिव

**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने महिलाओं से जुड़े अपराधों का 60 दिन में निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक एफआईआर की स्थिति दो माह में अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडलीपीआर (मेडिको लीगल एग्जामिनेशन एंड पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट) प्रशिक्षण आयोजित करने, न्याय श्रुति को शीघ्र ऑनबोर्ड करने, जिलों में लोक अभियोजकों की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने तथा सिविल राइट्स की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर एवं सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स) के व्यापक उपयोग से तकनीक आधारित पुलिसिंग को सुदृढ़ करते हुए जांच प्रक्रिया को और अधिक गति दी जाए। मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में नई आपराधिक विधियों के क्रियान्वयन एवं स्मार्ट पुलिसिंग पहलों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों को एसएमएस अलर्ट, ऑनलाइन ट्रैकिंग एवं ई-समन जैसी सुविधाएं का व्यापक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को ई-साक्ष्य के उपयोग हेतु नियमित प्रशिक्षण देने तथा आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े सभी स्तंभों- के बीच समन्वय करने पर जोर दिया।

# रीति-रिवाजों वाली शादी ने जीता सबका दिल

**पी. के. बृजवाल**
**जयपुर**

जब मारवाड़ की धरती पर शहनाइयों की मीठी धुन गूंजी और बिश्नोई समाज के पारंपरिक मंगल गीतों के साथ दो जांबाज आईपीएस अधिकारियों ने सात फेरे लिए तो पूरे देश का दिल छू गया। उत्तर प्रदेश कैडर के 2018 बैच के आईपीएस कृष्ण कुमार बिश्नोई जो संभल के एसपी हैं और 2021 बैच की आईपीएस अंशिका वर्मा जो बरेली साउथ की एसपी है इनका विवाह न सिर्फ दो प्रेमी हृदयों का मिलन था, बल्कि संस्कार, रीति- रिवाज, सादगी और दहेज-मुक्त विवाह का जीवंत उदाहरण बन गया। यह शादी विश्नोई समाज की पूरी परंपराओं के साथ संपन्न हुई, जिसमें प्रेम की कहानी, मातृ-ऋण का सम्मान, बिश्नोई संस्कार और आधुनिक मूल्यों का सुंदर मेल देखने को मिला। आज का दौ जहां शादियां दिखावे, महंगे होटलों और दहेज की होड़ में खो जाती हैं, वहां केके बिश्नोई और अंशिका वर्मा की शादी ने साबित कर दिया कि सच्चा प्रेम संस्कारों की जड़ों में पनपता है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, घुटनों पर बैठकर जयमाला पहनाने का रोमांटिक पल, मां का दूध पिलाने की भाव- ुक रस्म और मात्र एक रुपये का शगुन इन सबने हर किसी का दिल जीत लिया। यह कहानी सिर्फ दो IPS अधिकारियों की नहीं, बल्कि एक ऐसे समाज की है जो पर्यावरण, संस्कारों को जीवन का आधार मानता है पेश है संस्कार, रीति-रिवाज, सादगी और दहेज-मुक्त विवाह के एक जीवंत उदाहरण पर विशेष रिपोर्ट ...

## गोरखपुर से शुरू हुई प्रेम कहानी



साल 2023। उत्तर प्रदेश का गोरखपुर शहर। यहां संभल के एसपी के रूप में तैनात केके बिश्नोई सिटी एसपी के रूप में ड्यूटी दे रहे थे। ठीक उसी समय, 2021 बैच की युवा आईपीएस अंशिका वर्मा ट्रेनिंग के दौरान गोरखपुर में पोस्टेड थीं। प्रयागराज की रहने वाली अंशिका स्मार्ट, साहसी और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित थीं। केके विश्नोई जो राजस्थान के बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना गांव के मूल निवासी हैं, अपने सख्त लेकिन न्यायप्रिय अंदाज के लिए मशहूर थे। दोनों की पहली मुलाकात पुलिस लाइन में हुई एक मीटिंग के दौरान। सर, आपकी रिपोर्टिंग स्टाइल हमें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है अंशिका ने कहा था। इसके बाद धीरे-धीरे बातें बढ़ीं। काम के सिलसिले में साथ-साथ घंटों गुजरने लगे । गोरखपुर की सड़कों पर पेट्रोलिंग के दौरान, थाने में फाइलों पर चर्चा करते हुए और कभी-कभी चाय की चुस्कियों के बीच दोनों की दोस्ती गहरी होती गई। केके की सादगी और अंशिका की मेहनत एक-दूसरे को आकर्षित करने लगी। 2024 तक यह दोस्ती प्रेम में बदल चुकी थी।

## बाड़मेर से जोधपुर तक,बिश्नोई रीति-रिवाजों का भव्य आयोजन

27 मार्च 2026 बाड़मेर जिले का धोरीमन्ना गांव। यहां बिश्नोई समाज की परंपराओंके अनुसार हल्दी और संगीत समारोह शुरू हुआऔर महिलाओं ने मंगल गीत गाए। लेकिन सबसे अनोखी रस्म थी घी पिलाने की। बिश्नोई समाज में दूल्हा को घर से विदा करने से पहले परिवार के बुजुर्ग घी पिलाते हैं,..




## फिर आई दूध पिलाई या आंचल पीने की रस्म

बारात निकलने से ठीक पहले केके विश्नोई अपनी मां के सामने झुके। मां ने आंचल से प्रतीकात्मक रूप से दूध पिलाया। यह रस्म मातृ-ऋण चुकाने का प्रतीक है। बिश्नोई समाज मानता है कि मां का दूध जीवन का प्रथम आशीर्वाद है। शादी के बाद गृहस्थ जीवन शुरू होने से पहले बेटा मां का यह कर्ज याद करता है। वीडियो वायरल हो गया।



## सबसे खूबसूरत पल वरमाला



अंशिका आगे बढ़ीं, फिर घुटनों पर बैठकर केके को जयमाला पहनाई। केके ने मुस्कुराते हुए सिर झुकाकर जवाब दिया। पृष्ठभूमि में कैलाश खेर का गाना "ओ री सखी मंगल गाओ री" बज रहा था। पूरा हॉल भावुक हो गया।

## 200 किलोमीटर लंबी शाही बारात

राजस्थानी ठाठ-बाट में। केके विश्नोई काले चश्मे, पगड़ी और घोड़े पर सवार। बारात में ढोल-नगाड़े, घुड़सवार, ऊंट और पारंपरिक वेशभूषा। धोरीमन्ना से जोधपुर तक का सफर प्रेम और परंपरा का उत्सव था। 29 मार्च जोधपुर का ऐतिहासिक अजीत भवन पैलेस। यहां अंशिका ने पारंपरिक राजस्थानी पौशाक पहनी थी। चोली, घाघरा, ओढ़नी और दुपट्टा, जो गुलाबी-लाल रंगों में सजी थी। राजस्थानी पौशाक की भव्यता को और निखारते हुए उन्होंने भारी-भरकम गहने भी पहने थे। इन गहनों की चमक में अंशिका दुल्हन बनकर सजी हुई थीं, जो बिश्नोई बहू की पहचान को और भी शानदार बना रही थी। पूरा पैलेस उनके इस राजस्थानी रूप-रंग से जगमगा उठा था।

## बिश्नोई संस्कार,प्रेम से परे, जिम्मेदारी का बोध

बिश्नोई समाज 15वीं शताब्दी के संत जाम्भोजी का अनुयायी है। 29 सिद्धांतों पर आधारित पेड़ काटना मना, जानवरों की हत्या मना, सादगी। शादी में ये संस्कार झलकते हैं। केके विश्नोई ने कहा हमारी शादी में हर रस्म ने सिखाया मां का सम्मान, परिवार का बंधन, समाज की जिम्मेदारी। अंशिका अब बिश्नोई बहू हैं, वे इन मूल्यों को निभाएंगी।

## सिर्फ एक रुपये लिया गया

कोई दहेज नहीं, कोई भारी तोहफे नहीं। केके के परिवार ने स्पष्ट किया हमारी संस्कृति में दहेज अभिशाप है। प्रेम और सम्मान ही दहेज है। अंशिका के पिता ने भी यही कहा। यह पल उन हजारों युवाओं के लिए मिसाल बना जो आज दहेज की मार झेल रहे हैं।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)